तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 24 जून 2025

12 पिछले वर्ष की अपेक्षा कम हुई बारिश, सप्ताहभर...



12 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मनाया...





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

## खबर संक्षेप

### प्रवेश के लिए 25 जून तक मौका

**कांकेर।** जिले में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानुप्रतापपुर में सत्र अगस्त 2025-26 एवं 2025-27 में प्रवेश के लिए व्यवसाय विद्युतकार, कोपा, फिटर, वेल्डर तथा मैकेनिक डीजल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्गुकोंदल में सत्र अगस्त 2025-26 व्यवसाय कोपा में प्रशिक्षण के लिए संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट में ऑनलाईन आवेदन 25 जून तक आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदक अपना पंजीयन एवं प्रवेश के लिए व्यवसाय का चयन कर सकते हैं। आवेदकों के पंजीयन के लिए वेबसाइट पर यूजर मैन्युअल दिया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

### तालाब मेढ़ पर युवक ने लगाई फांसी

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत ग्राम गुमड़ीडीह में एक नाबालिग युवक ने फांसी लगा खुदकुशी कर ली। युवक देवलूराम शोरी 17 साल निवासी भुसकी का शव गुमड़ीडीह तालाब के मेड़ में पेड़ में फंदे में लटकी मिली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार घायल

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम संबलपुर के जबेला रोड में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को ठोकर मार दिया। हादसे में युवक को गंभीर चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डोंडे के रवि मंडल संबलपुर आ रहा था। इसी दौरान जबेली मार्ग के पास अज्ञात वाहन ने उसके बाइक को ठोकर मार दी। इससे रवि मंडल गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### माओवादियों से प्रताड़ित लोग कहने लगे कि पुलिस की यह अच्छी पहल

# पुलिस ने डीवीसी सदस्य के घर में परिजनों के सामने चस्पा किया नोटिस, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- माओवादी के हिस्से की जमीन को सरकार को जप्त कर लेना चाहिए
- माओवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होने से गांव के युवा माओवादी संगठन में नहीं होंगे शामिल



माओवादियों के उपस्थित नहीं होने पर शुरू होगा एकतरफा ट्रायल

कांकेर के दो माओवादियों के खिलाफ एनआईए के विशेष न्यायालय से जारी हुआ फरमान

हरिभूमि में प्रकाशित समाचार



पुलिस ने माओवादी के बड़े भाई एवं भाभी की उपस्थिति में नोटिस किया चस्पा

हरिभूमि फॉलोअप

डीवीसी सदस्य एवं उत्तर बस्तर डिवीजल में मिलिट्री इंटेलीजेंसी एवं प्रोटेक्शन टीम प्रभारी रमेश उर्फ मुकेश हुपेंडी के ऊपर दर्ज मामले में एनआईए के विशेष न्यायालय के द्वारा जारी आदेश को पुलिस ने उसके घर मलमेटा में चस्पा किया है। पुलिस के द्वारा नोटिस के चस्पा कर देने से क्षेत्र में हडकंप मच गया और कई प्रकार की अब चर्चाएं होने लगी है। इसका प्रभाव डीव्हीसी सदस्य पर कितना पड़ता है, यह तो आने वाला समय बताएगा, परंतु उसके परिजनों का परेशान होना स्वाभाविक है। डीवीसी सदस्य एवं उत्तर बस्तर डिवीजल में मिलिट्री इंटेलीजेंसी एवं प्रोटेक्शन टीम प्रभारी रमेश उर्फ मुकेश हुपेंडी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर उसके खिलाफ दर्ज मामले में ट्रायल शुरू हो जाएगा और ट्रायल की सुनवाई के उपरांत विशेष न्यायाधीश सजा एवं उसके हक की संपत्ति की कुर्की का आदेश सुना सकती है। ऐसा केवल डीव्हीसी सदस्य रमेश के ऊपर नहीं हो रहा है, अन्य कांकेर जिले में रहने वाले माओवादियों के खिलाफ होने जा रहा है। ऐसा होने से सबसे बड़ा प्रभाव माओवादियों के परिवारजनों पर पड़ने वाला है। माओवादियों के परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा पर भी प्रभाव पड़ना तय है। डीवीसी सदस्य पर इस नोटिस का कितना प्रभाव पड़ता है, यह तो वहीं जान सकता है, परंतु ईलाके में उनके भाई एवं अन्य परिवार के सदस्यों पर ज्यादा प्रभाव पड़ेगा। क्षेत्र के सभी लोग नहीं जानते थे कि इस परिवार का सदस्य माओवादी है, अब पूरे ईलाके को पता चल जाएगा कि इस परिवार का सदस्य माओवादी है और सरकार के खिलाफ काम करते आ रहा है। इसके अलावा जिले के कई बेकसूर लोगों की हत्या और कई वारदातों में शामिल रहा है। ऐसे में परिवार के लोगों को भी कई प्रकार की दिक्कतों का सामना आने वाले समय में करना पड़ सकता है।

### न्यायालय का आदेश पर मचेगा हडकंप

मामले की सुनवाई के उपरांत माओवादी के खिलाफ में किसी भी तरह का पक्ष नहीं रखे जाने पर विशेष न्यायाधीश आरोपी माओवादी के खिलाफ निर्णय सुना सकती है। कानून के तहत सजा के साथ-साथ उसके हक की संपत्ति का कुर्की का आदेश भी जारी हो सकता है। ऐसे में माओवादी के हक की संपत्ति को सरकार कुर्की करेगी, तब माओवादी के परिवार को कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। आने वाले समय में पता चलेगा कि किस तरह का निर्णय आता है और इसका प्रभाव किस तरह से माओवादी के परिवार पर पड़ता है।

### माओवादियों पर कार्रवाई की उठने लगी है मांग

माओवादियों के द्वारा गांव के लोगों को मुखबिर व अन्य कई तरह के आरोप लगाकर गांव से भगा दिया गया और उनके साथ मारपीट भी किया गया। कई लोगों की हत्या भी कर दिया गया है। उनके परिजनों से जब हरिभूमि ने संवाद किया तो उनका कहना था कि पुलिस का यह बहुत अच्छा कदम है। हम लोगों और हमारे परिवारों को जिस ढँग से प्रताड़ित माओवादियों ने किया है, अब उनको एवं उनके परिवार वालों को भी कानून दिक्कतों का सामना पड़ेगा। पुलिस का यह बहुत अच्छा और बड़ा कदम होगा। ऐसी कार्यवाही होने से अब क्षेत्र के युवा माओवादियों के संगठन में शामिल नहीं होगा।

### न्यूक्लियर पावर प्लांट लगाने की योजना से रानीडोंगरी के ग्रामीण में डर का माहौल



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम रानीडोंगरी में प्रस्तावित न्युक्लियर पावर प्लांट को लेकर ग्रामीणों बैठक आयोजित किया गया। बैठक में गांव में न्यूक्लियर एलर्जी प्लांट को लेकर लोगों के बीच डर का माहौल है। ग्रामीण किसी भी शर्त में न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट नहीं लगने देंने की चर्चा किया। आयोजित बैठक में न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट से आने वाला समय में होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर चर्चा की गई। अभी वर्तमान में ईरान और इजराइल के बीच युद्ध हो रहा है, जिसमें दोनों देश न्युक्लियर एनर्जी प्लांट पर ही हमला बोल रहे हैं, जिसे दोनों देश को बहुत बड़ी छति पहुंच रही है। न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट से निकलने वाली रेडिएशन से क्षेत्र में बीमारी बढहेगी लोगों को मजबूरन प्लायन करना पड़ेगा। गांव के ग्राम पटेल रोयदु उयके ने बताया कि न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट के संबंध में गांव में शासन प्रशासन व ग्राम पंचायत द्वारा कभी चर्चा नहीं किया गया। समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला है व तब से ही गांव में डर का माहौल है। न्यूक्लियर पावर प्लांट में दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा रहता है, जैसे कि चेर्नोबिल और फुकुशिमा में हुई दुर्घटनाएं। यह दुर्घटनाएं ▸▸| शेष पेज 10 पर

# आजादी के 76 वर्ष बाद भी पुल पुलिया का आभाव, बच्चों को स्कूल जाने में होती है दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

- विधायक सावित्र मंडावी ने दिया आश्वासन – पुल निर्माण के प्रयास जारी



सड़क पुल-पुलिया विकास को गति देती है, इसके लिए सरकार करोड़ों रुपये खर्च भी कर रही है। इसके बावजूद आजादी के 76 वर्ष बाद भी ब्लाक मुख्यालय से महज 25 किमी दूर ग्राम पंचायत तराईघोटिया के आश्रित ग्राम नेडगांव में पटेलपारा बीचो बीच नदी में स्थित है, जिसके कारण स्कूली बच्चों को बारिश के दिनों में स्कूल आने जाने में दिक्कत होती है। तराईघोटिया के आश्रित ग्राम नेडगांव में पटेलपारा नदी के बीच में स्थित होने के कारण बारिश के दिनों में आने जाने में दिक्कत होती है। स्कूली बच्चों के साथ साथ ग्रामीण भी फंस जाते है और रोजमर्रा का सामान भी नही मिल पाता है। हाटबाजार जाने की समस्या किसान अपने खेतो पर समय पर नही जा पाते है, ऐसी तमाम समस्याओ को लोग सहकर अपना जीवन यापन करने को मजबूर है। पुल निर्माण के लिए न तो विभाग और न ही जनप्रतिनिधियों ने आज तक इस ओर ध्यान ▸▸| शेष पेज 10 पर

### पुल निर्माण के दिशा में वे प्रयासरतः विधायक

स्थानीय ग्रामीण अजरू राम पटेल, राजू राम गावडे, चमार सिंह उसेंडी, सरपंच जबाय जगदेव, नुरूटी खेमचंद, सोहनलाल, धरमसिंह व प्रभुराम आदि ने कहा कि इस पुल के बन जाने से लोगों को स्कूल व हाट बाजार आने जाने के लिए सुविधा हो जाएगी। ग्रामीणों ने सांसद व विधायक से नदी के घाट पर पुल बनाने की मांग किया है, परंतु सुध नहीं लिया गया। विधायक सावित्र मनोज मंडावी ने बताया कि नदी के पटेलपारा व रोसेलग दिया के निकट जाने में आवागन के लिए नदी पर पुल आवश्यक है। पुल निर्माण के दिशा में वे प्रयासरत हैं और जल्द ही इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

# नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत जागरूकता लाने जवानों को दिलाई शपथ



**अंतागढ़।** 28 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ एवं इसके सभी समवायों के द्वारा मादक दवाईयों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने ई-शपथ, कार्यशाला और स्थानीय स्कूलों में जागरूकता अभियान का आयोजन नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत किया गया। पखवाड़े का शुभारंभ 12 जून को किया गया था और समापन 26 जून को होगा। 28 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ केकमांडेंट अरुण देवगम द्वारा वाहिनी मुख्यालय अंतागढ़ में 23 जून को 28 वाहिनी के बलकर्मियों को शपथ दिलाया कि हमारे देश में विशेष रूप से युवाओं के बीच नशीली दवाओं का दुरूपयोग बढ़ता जा रहा है और यह चिंता का विषय है। हम शपथ लेते है कि हम नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम में सहयोग करेंगे। हम यह वचन देते है कि किसी भी प्रयोजन के लिए किसी भी प्रकार से हानिकारक अथवा अवैध पदार्थो का सेवन नहीं करेंगे। हम प्रत्येक व्यक्ति विशेषतः युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता पैदा करेंगे, ताकि भारत का युवा वर्ग नशामुक्त जीवन-यापन कर सके और वे समाज के रचनात्मक एवं महत्वपूर्ण सदस्य बन सके। आज हम प्रतिज्ञा करते हैं कि नशे से दूर रहेंगे और स्वस्थ जीवन-यापन करेंगे।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जुलाई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जुलाई से 31 जुलाई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 27 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार – 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार – 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार – 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार – 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार – 1100
नियम व शर्तें लागू
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

### संविदा पदों पर भर्ती की पात्र-अपात्र की सूची जारी

**कांकेर।** जिला पंचायत कार्यालय कांकेर अंतर्गत रिक्त संविदा पदों पर भर्ती के लिए विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक के 1 पद, लेखापाल के 2, लेखा सह एमआईएस सहायक के 1 पद एवं भृत्य 1 पद के पात्र-अपात्र सूची जिले की वेबसाइट में अपलोड की गई है। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि उक्त जारी सूची में भृत्य 1 पद के लिए जारी सूची को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया है। शेष सूची यथावत रहेगी, भृत्य के लिए सूची पुनः अपलोड की जाएगी, जिसकी सूचना जिले की वेबसाइट के लिए माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी जिले के वेबसाइट का समय-समय पर किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए अवलोकन करते रहे डाक या किसी भी अन्य माध्यम से सूचना नहीं दी जाएगी।

### कुल्हाड़ी लेकर ग्रामीण को धमकाया, मामला दर्ज

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम बाहनापानी में खेत में बुआई के दौरान विवाद हो गया। जिसमें एक ग्रामीण को जान से मारने की धमकी दी गई। जिसकी शिकायत दर्ज कराते ग्रामीण अभिमन्यु जुर्री निवासी ग्राम श्रीगुहान नरहरपुर ने बताया कि मैं ग्राम बाहनापानी स्थित अपने खेत में ट्रेक्टर लेकर बुआई करने गया था, जहां श्रीराम जुर्री, प्यारसिंह जुर्री, पुष्पा जुर्री के द्वारा टंगिया, रापा लेकर गाली गलौच करते जान से मारने की धमकी देकर ट्रेक्टर के सामने खड़े गए। आरोपी की धमकी से मैं काफी डरा हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच कर रही है।

### भृत्य पद पर समायोजन की लंबे समय से कर रहे हैं मांग

# अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मियों ने रैली निकाली, नारे लगाए प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- 30 जून तक मांग पूरे नहीं होने पर कांकेर से रायपुर तक करेंगे पदयात्रा



छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ने अपनी मांगो को लेकर जिला मुख्यालय में महारैली निकाली, इसमें जिले भर के अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया। मांग पूरी नहीं होने पर 1 जुलाई से पदयात्रा कर राजधानी पहुंच मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने का ऐलान किया है।

जिलेभर के अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी 23 जून को दोपहर 1 बजे शहर के मेलाभाठा से महारैली निकाली। महारैली मेलाभाठा मैदान से संतोषी मंदिर, पुराना बस स्टैंड, मस्जिद चौक, कोठारी पेट्रोल पंप, ऊपर नीचे रोड से घड़ी चौक होकर वापिस कलेक्टोरेट के लिए निकली। कलेक्टोरेट मार्ग में सभी स्कूल सफाई कर्मियों को पुलिस ने रोक लिया। एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। रैली में शामिल सभी के हाथों में नारे लिखे हुए तख्तियां थी। अंशकालीन स्कूल सफाई ▸▸| शेष पेज 10 पर

### आंदोलनरत कर्मचारियों की मांग

सरकारी स्कूलों में कार्यरत अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को 8 वर्ष सेवाकाल पूरा करने पर पूर्णकालिक कलेक्टर दर पर वेतन दिया जाए। 10 वर्ष सेवाकाल पूरा करने पर भृत्य चपरासी के पद पर समायोजन किया जाए। सफाई कर्मचारी सदस्यों द्वारा स्कूल संस्था के प्रति कार्य लगन मेहनत, ईमानदारी को देखते हुए स्कूल के भृत्य चपरासी के चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर में समायोजन किया जाए।

### पदयात्रा करते हुए सीएम निवास का करेंगे घेराव

अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों ने ऐलान किया है कि 30 जून तक मांग पूरी नहीं होने पर । 1 जुलाई से कांकेर से सभी पदयात्रा कर रायपुर जाएंगे। राजधानी में मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। पूरे प्रदेश में 43 हजार 301 स्कूल सफाई कर्मचारी हैं। संघ के जिलाध्यक्ष मोहित कोशरिया, संरक्षक धनीराम टांडिया ने कहा अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से स्कूलों में सफाई काम ठप है। मांग पूरी नहीं होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### चांदनी चौक से शराब दुकान हटाने होगा प्रदर्शन

**जगदलपुर।** शहर के चांदनी चौक क्षेत्र में स्थित शराब दुकान को लेकर पब्लिक वॉइस के सदस्य ब्रेवरेज अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी से मिलकर इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे और दुकान को हटाने की मांग करेंगे। पब्लिक वॉइस के रोहित सिंह आर्य ने बताया कि इस दुकान को हटाने की मांग लंबे समय से हो रही है। गौरतलब है कि दुकान के समीप विद्यालय, अस्पताल और धार्मिक स्थल हैं। महिलाओं को इस रास्ते से गुजरने में काफी असहजता महसूस होती है।

### सिद्धांत दिगंबर जैन युवा मंडल के अध्यक्ष चुने गए

**जगदलपुर।** दिगम्बर जैन युवा संगठन के संपन्न हुए द्विवार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से सिद्धांत जैन सन्नी अध्यक्ष एवं पारस जैन सचिव चुने गए हैं। अन्य चयनित पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष स्वप्निल जैन एवं प्रयुक्त जैन, सहसचिव श्रेयांस जैन,सांस्कृतिक सचिव राहुल, मानस ,समग्र, सक्षम, वंश जैन, कोषाध्यक्ष हर्षित जैन,सहकोषाध्यक्ष यश जैन ,मीडिया प्रभारी मयंक जैन, सम्यक जैन, आदि जैन,क्रीड़ा प्रभारी यश जैन गोलू, एवं अक्षत जैन। दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनूप जैन सचिव संजय जैन ने चयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिद्धांत जैन ने कहा कि वे अपने सामाजिक दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निवर्हन करते हुए समाज की कार्यकारिणी से बेहतर तालमेल बनाकर अपने कर्त्तव्यों का निष्पादन करेंगे। साथ ही सभी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के प्रति तन,मन,धन से सेवाएं देते रहेंगे।

### उत्कल समाज का शपथ ग्रहण समारोह होगा कल

**जगदलपुर।** उत्कल समाज जगदलपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण 25 जून को शाम 6 बजे भैरमदेव वार्ड स्थित उत्कल समाज भवन में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक किरण देव, अध्यक्षता सांसद महेश कश्यप करेंगे। अन्य अतिथियों में विधायक विनायक गोयल, पुरंदर मिश्रा, ब्रेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर संजय पाण्डे तथा नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन मौजूद रहेंगे। वही 3 वार्ड के पार्षद निर्मल पाणिग्राही , त्रिवेणी रंधारी तथ कुबेर नाथ देवांगन की भी उपस्थिति रहेगी।

### वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने से कर्मचारी मुसीबत में

**जगदलपुर।** छग शासकिय लघुवेतन कर्मचारी संघ बस्तर के जिला सचिव सोनसिंह कश्यप ने जारी बयान में कहा कि आदिम जाति कल्याण विभाग ने 2014 में सीधी भर्ती के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कमर्चारियों को नियुक्त किया था। आश्रम छात्रावास में कार्यरत कर्मचारियों को पहले 3 वर्ष तक कलेक्टर दर पर और उसके बाद 2017 में नियमित वेतनमान का आदेश जारी किया गया। उन्होंने कहा मई 2019 तक 17 माह का अंतर राशि अप्राप्त है। वही जुलाई 2018 से वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी जा रही है। हाईकोर्ट के आदेश से 2021 से प्रदान किया गया।

**प्रशासन : जिलाध्यक्ष-सीओ, राजस्व व उपजौधाधिक अधिकारों का तहत कार्य विभाजन करें सुचारु**

# भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में

- अपर-डिप्टी कलेक्टरों को विभिन्न विभागीय जिम्मेदारियां सौंपकर बढ़ाई गई प्रशासनिक पारदर्शिता

जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कार्य विभाजन आदेश जारी किया है।

जारी आदेशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी को सुशासन तिहार, पीएमश्री योजना, शिक्षा विभाग, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा, जिला योजना एवं सांख्यिकी, आदिवासी विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग, चिकित्सा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग, रेशम विभाग, पशु चिकित्सा सेवाएं, पशु एवं कृषि संगणना शाखा, बीज विकास निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जिला निर्माण समिति, जिला खनिज न्यास निधि, विशेष केन्द्रीय सहायता, सामाजिक निगमित दायित्व समस्त प्रकार के सीएसआर, आकांक्षी जिला कार्यक्रम, श्रम, बाल श्रमिक शाखा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, क्रेडा, अंत्यावसायी विभाग और श्रीरामलला दर्शन योजना, जनसमस्या निवारण शिविर के नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कार्य का निर्वहन करेंगे। अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कांकेर को तहसील कांकेर, चारामा, नरहरपुर, सरोना, भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल के राजस्व प्रकरण छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के तहत प्रस्तुत अपील धारा 170 (ख) के अपील को छोड़कर पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन, प्रकरणों मद परिवर्तन, संबंधी प्रकरणों का निराकरण एवं छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के अंतर्गत प्रस्तुत अपील पुनरीक्षण प्रकरणों का निराकरण का दायित्व सौंपा गया है। प्रभारी अधिकारी के रूप में भू-अर्जन, खनिज शाखा, उद्योग विभाग, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला भाड़ा नियंत्रण अधिकारी, जनशिकायत निवारण प्रकोष्ठ, जिला विभागीय जांच शाखा, कोष लेखा पेंशन, पेंशन प्रकरण, विकास शाखा, विविध शाखा, वेब इन्फॉर्मेशन मैनेजर, जेल, नगर सेना, विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड, जनगणना, विवाह अधिकारी, प्रभारी अधिकारी वारिसान प्रमाण-पत्र, सहायक अधीक्षक, सामान्य, निरीक्षण, व्यवहारवाद, समय-सीमा अंकित पत्रों का निराकरण, ई-जनचौपाल से प्राप्त आवेदन पत्रों में टीप अंकित करना, ई-जनचौपाल में प्राप्त आवेदन पत्रों पर कार्यवाही, नोडल अधिकारी विभागीय बैठक, वीडियो कॉन्फ्रेंस, लोकसभा, विधानसभा और राज्यसभा नोडल अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रथम अपीलीय अधिकारी जिला पंचायत को छोड़कर, वन अधिकार पट्टा वास्तविक कब्जा के पुष्टि कर प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करना, प्रस्तुतकार शाखा रीडर टू कलेक्टर शाखा, कलेक्टर की ओर से जाति प्रमाण पत्रों का सत्यापन, शपथ पत्रों पर हस्ताक्षर, नगरीय प्रशासन एवं विकास, नगरपालिका, नगर पंचायत, जिला शहरी विकास अभिकरण, मोबाईल टॉवर निर्माण एण्ड 4जी कवरेज, प्रधानमंत्री गतिशक्ति कार्यक्रम, नक्सल प्रभावितों के योजनाओं की मॉनिटरिंग एवं विकास, मालिक मकबूजा प्रकोष्ठ एवं कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कार्य की जिम्मेदारी दी गई है।

अपर कलेक्टर अंतागढ़ अंजोर सिंह पैकरा अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अंतागढ़ को तहसील पखांजूर, बांदे, कोयलीबेड़ा, अंतागढ़ एवं आमाबेड़ा के राजस्व प्रकरण छ.ग. भू-राजस्व संहिता के तहत प्रस्तुत अपील धारा 170 ख के अपील को छोड़कर पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन, प्रकरणों मद परिवर्तन, संबंधी प्रकरणों का निराकरण एवं छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 के अंतर्गत प्रस्तुत अपील, पुनरीक्षण प्रकरणों का निराकरण आदि दायित्व सौंपा गया है। अपर कलेक्टर कांकेर अरूण कुमार वर्मा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य एवं स्थानीय के अलावा प्रभारी अधिकारी के रूप में जिला कार्यालय के व्यय के देयकों की स्वीकृति 50000 रूपए तक का अधिकार, जिला कार्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों के अवकाश एवं अग्रिम, चिकित्सा व्यय, यात्रा भत्ता संबंधी सम्पूर्ण अधिकार प्रत्यायोजित किया जाता है। नीतिगत निर्णय को छोड़कर तृतीय श्रेणी कार्यपालिक अधिकारी, कर्मचारियों के 01 माह तक अर्जित अवकाश स्वीकृति का अधिकार तथा उससे ऊपर के अवकाश प्रकरण स्वीकृति के लिए कलेक्टर को प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अलावा वित्त एवं स्थापना शाखा, राजस्व शाखा, राजस्व लेखा शाखा, राजस्व मुहर्रिर शाखा, राहत, पुर्नवास शाखा, भू-अभिलेख शाखा, भू-अभिलेखागार हिन्दी, अंग्रेजी अभिलेख कोष्ठ, भू-व्यपवर्तन, परिवर्तित भूमि शाखा, राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण, स्वामित्व योजना, असर्वेक्षित ग्रामों का सर्वेक्षण, नजारत, सांख्यिकी शाखा, लायसेंस, पासपोर्ट शाखा, आबकारी, जिला सत्कार अधिकारी, खेल विभाग एवं कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये दायित्व दिया गया है। डिप्टी कलेक्टर टीकाराम देवांगन कार्यपालिक दण्डाधिकारी रा. अनुविभागीय दण्डाधिकारी पखांजूर को अनुभाग क्षेत्रान्तर्गत भाड़ा नियंत्रण अधिकारी तथा रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट, स्वामित्व अधिकारी की समाप्ति अधिनियम 1950 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति का भुगतान, ऋण विमुक्ति अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण का निपटारा, असिस्टेंट कंस्ट्रेंडियन ऑफ इव्हाक्यू प्रापर्टीज, भारतीय स्टाम्प एक्ट की धारा 2 (9) (ब) अधिसूचना क्रमांक 393 सी.आर./89/आठ दिनॉक 14 जून 1943 के अंतर्गत कलेक्ट्रेट ऑफ स्टाम्पस के कृत्य, शस्त्र अधिनियम धारा 4 के अंतर्गत अनुसूची 2 के खाना क्रमांक 4 दर्शाये अनुसार शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक ण्ण (ख) ण्ण (ग) ण्ण (घ) ण्ण (ड.) की स्वीकृति एवं नवीनीकरण, अपने क्षेत्र की फसल संरक्षण अनुज्ञप्तियों की स्वीकृति एवं नवीनीकरण, भू-अर्जन अधिकारी, पखांजूर अनुविभाग, सत्कार अधिकारी अनुविभाग स्तर, छत्तीसगढ लोक परिसर बेदखली अधिनियम 1974 के अंतर्गत सक्षम अधिकारी, अपने अनुविभाग की विकास एवं कृषि योजनाओं का पर्यवेक्षण, जनसंपर्क, स्थानीय विकास तथा आदिम जाति योजनाओं के समस्त कार्यों का पर्यवेक्षण तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन का पर्यवेक्षण, रोस्टर के अनुसार तहसीलदार, नायब तहसीलदार के न्यायालय, थाना तथा अन्य कार्यालयों का निरीक्षण तथा कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कार्य।

डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज कार्यपालिक दण्डाधिकारी को प्रभारी अधिकारी समाज कल्याण, कौशल विकास, खादी ग्रामोद्योग, अधिक अन्न उपजाऊ शाखा, जिला परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, हाऊसिंग बोर्ड, नोडल अधिकारी एफसीए संबंधित समन्वय, उच्च शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा आईटीआई, पॉलिटेक्निक और पीजी कॉलेज, नोडल अधिकारी चिकित्सा महाविद्यालय तथा कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डिप्टी कलेक्टर मनीष देव साहू कार्यपालिक दण्डाधिकारी को जिला नजूल अधिकारी तथा प्रभारी अधिकारी के रूप में नजूल नवकरण शाखा, खाद्य शाखा, नागरिक आपूर्ति निगम, मार्कफेड, सहकारिता, जनसूचना अधिकारी कार्यालय कलेक्टर कांकेर, लोक सेवा गारण्टी अधिनियम, प्रपत्र शाखा, अल्प बचत शाखा, अल्पसंख्यक शाखा, मुख्य प्रतिलिपिकार शाखा, वक्फबोर्ड शाखा, जवाहर नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, चिप्स, लोक सेवा केन्द्र, बीस सूत्रीय आर्थिक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का पर्यवेक्षण एवं कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कार्य। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर कार्यपालिक दण्डाधिकारी को वरिष्ठ लिपिक शाखा 01, 02, एवं 03, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, चिटफंड शाखा, आवक जावक शाखा, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग, पर्यटन मण्डल, श्रीराम वनगमन परिपथ, सैनिक कल्याण तथा कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे कार्य की दायित्व सौंपा गया है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



भाजपा के पितृ पुरुष कहे जाने वाले और जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल अंतागढ़ के द्वारा उनकी पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में वन विभाग विश्राम गृह में मनाया गया। सबसे पहले श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। तत्पश्चात सभी वक्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन वृत्तांत को संक्षेप में बताया तथा उनके प्रारंभिक आंदोलनों की जानकारी दी।

मंडल द्वारा डॉ. मुखर्जी के संघर्ष भरे जीवन और रहस्यमय मृत्यु और भाजपा की स्थापना के सफर पर प्रकाश डाला गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंनें धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूंगा। डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिए 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून 1953 को जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। जेल में उनकी मृत्यु ने देश को हिलाकर रख दिया और परमिट सिस्टम समाप्त हो गया। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान आज वर्तमान केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धारा 370 और कश्मीर के भयावह मुद्दे पर जीत हासिल कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया गया है।

इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष महेश उईके, उपाध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर, कल्पना जैन, कुमारी साहू, धर्मेंद्र वासनीकर, जनपद अध्यक्ष मनोरमा मंडावी, उपाध्यक्ष कुबल भूसाखरे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अमल नरवास, टीकम तुरतुरिया, घनश्याम रामटेके, पार्षद शांतनु मानकर, यशोदा उसेंडी उमा ठाकुर, शिववचन शांडिल्य, तरुण ठाकुर, अवधेश साहू, राहुल जैन, दुग्गा, भूपेश ठाकुर एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्राकट्य दिवस पर भजन-कीर्तन एवं हनुमान चालीसा पाठ

**जगदलपुर।** गोवर्धन मठ पूरी पीठ के पीठाधीश्वर श्रीमज्ज जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्लानंद सरस्वती जी का 83वां प्राकट्य दिवस पीठ परिषद,आदित्यवाहनी-आनंदवाहिनी के कर्मकर्ताओं ने भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ,पूजा के साथ बड़े धूमधाम के साथ मनाया। पूजा पश्चात आरती और अन्न भोग प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मलित हुए। पनारापारा लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार पूर्वान्ह 11 बजे पंडित चन्दन तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चार पंडित अभय दिक्षित के विधि-विधान के साथ पूजा, नैवेद्य और महाआरती किया गया। आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी के द्वारा लक्ष्मी नारायण मंदिर में मनाया गया पुरी पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद जी सरस्वती का प्राकट्य उत्सव। इस दौरान लक्ष्मीनारायण मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित किशोर तिवारी, सुर्य भुषण सिंह, अलका सेंगर बिभा सेंगर,वन्दना राठौर,प्रीती गुप्ता, पुनम जायसवाल, बबली शुक्ला, दमयंती देवागन सहित अन्य शामिल हुए।

# अटैच को प्राथमिकता देते हुए कनिष्ठ को बनाया अतिशेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




विकासखंड भानुप्रतापपुर के माध्यमिक शाला हरनपुरी में पदस्थ चंद्रहास भास्कर विषय विज्ञान को सेटअप 1+3 होते हुए भी अतिशेष बताते हुए उनकी नवीन पदस्थापना सुकमा जिला कर दिया गया। वही अटैच शिक्षक बिंदा जैन विषय कला को प्राथमिकता दिया गया, जिनकी मूल पदस्थापना जामपारा विखं भानुप्रतापपुर है। हालांकि आनन-फानन में आदेश उपरांत अटैच शिक्षक को 16 जून 2025 को मूल संस्था माध्यमिक शाला जामपारा में वापस किया गया। अब अटैच शिक्षक के मूल पदस्थापना में आने से जामपारा मा स्कूल में सेटअप पुनः 1+4 हो गया।

शिक्षक चंद्रहास भास्कर ने बताया कि शिक्षा अधिकारी के द्वारा बेवजह अतिशेष बनकार मुझे मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि माध्यमिक शाला हरनपुरी में अंकालु राम खडहे विषय कला जो एचएम है। दूसरे नम्बर पर मेरा स्थान है एवं तीसरे नम्बर पर बिंदा जैन विषय कला जिनकी मूल पदस्थापना जामपारा है, परिवीक्षा अवधि चौथे व पांचवे शिक्षक भूपेंद्र कुमार एवं जीत कुमार है जो गणित विषय पर आए। कुल मिलाकर संस्था में 1+4 हो गए। नियमतः देखा जाए तो शासन के नियमानुसार मिडिल स्कूल में 1+3 होना है। उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार अटैच शिक्षक को मूल स्थान स्थांतरण करते हुए ब्लाक एवं जिला शिक्षा अधिकारी को अतिशेष सूची तैयार किया जाना था, लेकिन ऐसा नही किया गया जबकि मैं वरिष्ठता, विषय एवं संलग्नीकरण के दायरे से बाहर हूँ। अटैच शिक्षक को प्राथमिकता देते हुए सूची तैयार किया गया एवं मुझे अतिशेष कर दिया गया। अतिशेष सूची से नाम हटाने के लिए मेरे द्वारा 3 जून को डीईओ कांकेर एवं कलेक्टर के पास लिखित आवेदन देकर सुधार करने की बात कही गई, लेकिन आज पर्यंत तक सुधार नही किया गया। संभाग स्तरीय काउंसलिंग करते हुए संयुक्त संचालक जगदलपुर ने मेरा स्थानातरण सुकमा जिला के ब्लाक कोंटा के जगरगुंडा कर दिया। उन्होंने बताया कि अटैच बिंदा जैन को 16 जून 2025 को वहाँ से रिलीफ कर दिया गया। शिक्षक के जाने के बाद हरनपुरी स्कूल में सेटअप 1+2 हो गया है।

## शाला प्रवेशोत्सव में नव प्रवेशित बच्चों का हुआ सम्मान

**अंतागढ़।** संकुल केंन्द्र भैसासूर 01 व भैंसासूर 02 का संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शाउमा विद्यालय भैंसासुर के प्रांगण में किया गया। नव प्रवेशित विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया एवं अतिथियों द्वारा बच्चों का तिलक कर, पुष्पवर्षा एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य समुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम में हाई स्कूल, माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला के शिक्षक, शिक्षिका व छात्र-छात्राओं छात्राएँ सहभागी रहे। संकुल समन्वयक ने समस्त बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने तथा



शिक्षा को जीवन का आधार बनाने पर फोकस करने की बात कही। कार्यक्रम सरपंच मिथिला ललित बघेल, कुबेर चुरपाल, दिलीप बघेल, कैलाश पोटाई, तनुजा पोटाई, अनिता पोटाई, सुरेश मण्डावी एवं देसी राम एवं शाला प्रवेश उत्सव के सफल आयोजन में संकुल प्राचार्य रमेश मंडावी, संकुल समन्वयक विनोद यादव, संकुल समन्वयक राकेश जैन, संकुल स्तरीय शिक्षकगण, पालकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत का सहयोग सराहनीय रहा। वहीं कार्यक्रम के मंच संचालन में मोनू कौशल का विशेष सहयोग रहा।

# प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए 12 विद्यार्थियों का हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल से प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए 12 विद्यार्थियों का चयन माशा तरहुल, पुजारीपारा, कोण्डे, कन्या दुर्गुकोंदल व अन्य शालाओं से हुआ है। ये विद्यार्थी कक्षा नवमी में प्रवेश लेंगे तथा बारहवीं तक अध्ययन कर अपना भविष्य संवार सकेंगे।

खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय का मुख्य उद्देश्य नक्सल प्रभावित और आदिवासी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, ताकि वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, आदि में सफल हो सकें। चयनित विद्यार्थियों का 23 से 27 जून तक समय 10 से 5 बजे स्थान प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गूढ़ियारी रायपुर में काउंसलिंग आयोजित है, जिसमें सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, वर्ष 2024-25 में कक्षा 8वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। इसके अलावा यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है, तो इस आशय का संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र, सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र एवं स्वयं का 02 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो आदि आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होना है।

एबीओ अंजनी मंडावी ने कहा कि विकासखंड के शिक्षक अतिरिक्त समय देकर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में लगे रहते है। गत वर्ष पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति परीक्षा को मुख्य फोकस कर तैयारी करवाई गई थी, जिसका परिणाम 137 चयन के साथ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था।

## पेज 09 के शेष...

### न्यूक्लियर पावर...

बड़े पैमाने पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकती हैं और लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकती हैं। बैठक में ग्राम पंचायत चिचगांव के सरपंच शशि उयके, पूर्व उपसरपंच हरेश चक्रधारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### आजादी के 76...

दिया है। इस कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है। यहां पुल बनने से काफी सहुलियत होगी। यह मार्ग न केवल नेडगांव पटेलपारा को जोड़ती है, बल्कि रसोली रोसेलगदिया देवी स्थल को भी जाती है। पंचायत के सैकडो लोगों को पटेलपारा नेडगांव और रसोली जाने के दिक्कतो का सामना करना पडता है। इसी मार्ग से होकर प्रत्येक दिन सैकड़ों लोग सूखा के समय पैदल, साइकिल व बाइक से होकर पार करते हैं, लेकिन बारिश के मौसम में लोगों को जान जोखिम में डालकर पार होना पड़ता है। बारिश में पैदल व चार पहिया वाहनों का आवागमन बंद रहता है।

### अंशकालीन स्कूल...

महिला कर्मचारी अपने नन्हे बच्चों के साथ रैली में शामिल हुईं। विदित हो कि छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ अपनी मांगो को लेकर 15 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। पहले दिन रायपुर जाकर तूता मैदान में प्रदर्शन किया। 16 जून से धरना प्रदर्शन कांकेर के मेलाभाठा में कर रहे हैं। शहर के मेलाभाठा में कांकेर, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर व चारामा के सफाईकर्मी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं अंतागढ़ में दुर्गूकोंदल व कोयलीबेड़ा के स्कूल सफाई कर्मचारी धरने में बैठ रहे हैं। रैली में भुनेश्वर नेताम, अनुसूईया सोनवानी, बृजलाल कांगे, पार्वती देवांगन, कीर्ति धनकर, रतन राय, कोमल तुमरेटी, दशरथ नेताम, चंद्रशेखर उसेंडी, मनोज पटेल, राजेश कुमार चंद्रवंशी शामिल हुए।

**सभी ग्राम पंचायतों में 25 से 30 जून तक होगी ग्राम सभा**

# ग्रामसभा का वीडियो ग्राम सभा पोर्टल व जीपीडीपी पोर्टल में करना होगा अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में 25 जून से 30 जून 2025 तक ग्राम सभा आयोजन के लिए निर्देश जारी किया है। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामसभाओं का आयोजन अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर तथा समय-सारणी बनाकर तिथि निर्धारित करें ताकि एक ही तिथि को




ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में उसी तिथि में ग्रामसभा का आयोजन न हो। इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्रामसभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे एवं ग्रामसभा का आयोजन सही ढंग से हो सकेगा। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा व मुनादी कराएं। साथ ही ग्रामसभा की कार्यवाही सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के बाद लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग कर वीडियो को ग्रामसभा निर्णय मोबाईल एप में अपलोड कर ग्रामसभा के गतिविधियों को वाइब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल एवं जीपीडीपी पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड कराकर निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन जिला कार्यालय को 04 जुलाई 2025 तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**खबर संक्षेप**

### दुकानों में कार्यवाही करते 11500 रूपए जुर्माना वसूला

**बीजापुर।** जिला प्रशासन द्वारा विकासखंड मुख्यालय भोपालपट्टनम के खाद्य प्रतिष्ठानों में गुणवत्ता की जांच एवं सफाई के निरीक्षण के लिए एक संयुक्त टीम गठित किया गया, जिसमें एसडीएम, तहसीलदार, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, थाना प्रभारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शामिल रहे। टीम के द्वारा शहर के मिठाई दुकानों, होटल, ढाबा, मटन चिकन शॉप में साफ सफाई का निरीक्षण किया गया। अत्यधिक खाद्य रंग के प्रयोग वाले खाद्य पदार्थों का सर्वेलेंस सैम्पल लिया गया। ढाबों में साफ सफाई में कमी पाए जाने पर एवं वेज नॉनवेज खाद्य पदार्थों को एक साथ एक ही फ्रिज में रखें हुए पाए जाने पर टीम द्वारा मोना ढाबा से 1500, शिव राजन ढाबा से 2000, इंद्रावती हाईवे ढाबा से 1500, रामबाबू चिकन सेंटर से 500, शिव चिकन सेंटर से 500, टी. सत्यनारायण होटल से 1000, अंश फास्ट फूड से 1000, बिस्मिल्लाह चिकन सेंटर से 1000, केजीएन नाश्ता सेंटर से 500, साहू समोसा जलेबी भंडार से 500, कन्हैया बीकानेर से 1000 एवं साजिद सिद्दिकी से 500 कुल 11,500 रूपये का जुर्माना लगाया गया। मटन एवं चिकन शॉप में साफ सफाई के लिए टीम द्वारा निर्देशित किया गया।

### जन जागरूकता व संतृप्ति शिविर का हुआ आयोजन

दंतेवाड़ा। प्रधानमंत्री ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे- आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान योजना, मातृ वंदन योजना, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन, जनधन खाता बीमा योजना इत्यादि से आदिवासी हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने हेतु 30 जून तक ग्राम पंचायत स्तर पर जन जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर आयोजन जिले में किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में विकासखण्ड दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत बड़े बचेली, एवं विकासखंड कुआकोंडा के ग्राम समेली में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान जन जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर का हुआ आयोजन संपन्न हुआ।

## अतिथियों ने नवप्रवेशी नन्हे बच्चों को तिलक लगाकर किया स्वागत

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने कटिबद्ध है सरकार: अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

### 22 छात्राओं को साइकिल वितरित किया







राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। इस दिशा में स्कूलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं सहित शिक्षक की पदस्थापना कर पढ़ाई के लिये सभी सुविधाएं मुहैया करा रही है। इसके अलावा एक शिक्षा का विकास सर्वांगीण होगा। यह बात स्थानीय विधायक चैतराम अटामी ने दंतेवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा।

- 10वीं और 12वीं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर विधायक अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया और उन्हें स्कूल बस्ता, पाठ्यपुस्तकें आदि प्रदान किया।

इस मौके पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जिस तरह किसान मानसून आने की प्रतीक्षा करते है उसी प्रकार मानसून के ही सीजन में स्कूली बच्चों का प्रवेशोत्सव होता है और इसी कड़ी में हम सब आज बड़े ही आनंद और खुशी के साथ इस शाला प्रवेशोत्सव में उपस्थित हुए है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे नवाचारों को आरंभ किए जा रहे, जिससे बच्चों की पढ़ाई बेहद रोचक हो जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने दंतेवाड़ा जिले के छू-लो आसमान संस्था एवं स्वामी आत्मानंद स्कूलों में पढ़ाई करते हुए हमारे बच्चों ने अच्छे अंक से जिले में टॉप किए है और जिले के नाम के साथ प्रदेश का नाम भी रोशन किए है। राज्य सरकार के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित करते हुए सरकार की विशेष पहल और उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। दंतेवाड़ा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के लिये जिला प्रशासन के प्रयासों को सराहते कहा कि दन्तेवाड़ा जिला व्यक्तित्व निर्माण के लिये अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। यही कारण है कि अब यहां के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर बनने के लिये पढ़ाई कर रहे हैं। वहीं यूपीएससी, राज्य लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में भी सफलता हासिल कर रहे हैं।

जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जिले के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता बच्चों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जो बच्चे अपेक्षित अंक नहीं ला सके हैं, वे निराश न हों, बल्कि इसे एक सीख के रूप में लेकर और अधिक मन लगाकर अध्ययन करें। निरंतर प्रयास और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि यह हमारे व्यक्तित्व, सोच और समाज में योगदान देने की क्षमता को भी निखारती है।

अतः सभी बच्चों को अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने और उसे निखारने की दिशा में लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। दंतेवाड़ा के बच्चे नीट और जेईई तथा जेईई एडवांस की परीक्षा क्वालीफाई कर देश के मेडिकल कॉलेज और उच्च प्रौद्योगिकी संस्थान में पढ़ाई कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। इस दौरान अतिथियों ने 10वीं और 12वीं अच्छे अंक से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को सम्मान भी किए और सरस्वती सायकल योजना के तहत 22 छात्रों को साइकिल भी वितरित किए गए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एसके अम्बस्ट, डीएमसी हरीश गौतम सहित अन्य अधिकारीगण, स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों के माता-पिता, अभिभावकों के साथ ही बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## विधायक ने सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण...



**गीदम।** दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी अपने गृहग्राम ग्राम पंचायत कासोली पहुंचकर मड़ियापारा में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, सरपंच शैलेश अटामी, मंडल अध्यक्ष सुदराम भास्कर, पंच सामनाथ अटामी, रामा अटामी, भगत अटामी, प्रज्ञा मंडली के शिवराम अटामी, जगबंधु अटामी, कलाराम लैस नेताम, रविन्द्र सोनी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने किया शैक्षणिक संस्थानों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा ने नए शैक्षणिक सत्र में शिक्षण व्यवस्था का सुचारू रूप से संचालित करने हेतु विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शासकीय पॉलिटेक्नीक कॉलेज एवं आईटीआई संस्थान में भवन की स्थिति सहित लैब एवं अन्य उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया। नए सत्र एवं वर्तमान सत्र में प्रवेशित सीटों की जानकारी ली। वहीं एजुकेशन सिटी में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में दर्ज बच्चे, उपलब्ध सीटों का अवलोकन करते हुए सभी रिक्त सीटों में प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान नर्सिंग कॉलेज के अस्थाई रूप से संचालन हेतु भवन का भी चयन किया गया।

वहीं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बीजापुर में एस्ट्रोनामी लैब का अवलोकन कर संबंधित शिक्षकों को लैब के माध्यम से बच्चों को खगोलीय घटना सहित विज्ञान के बारे में लैब में उपलब्ध उपकरणों का समुचित उपयोग करने के निर्देश दिए। इस दौरान विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा लैब के विभिन्न उपकरणों का प्रयोग करते हुए, खगोलीय घटना, उल्का पिंड, घुमकेतु, चंद्र ग्रहण, सूर्य ग्रहण सहित ग्रहों के आरोही, अवरोही क्रम, उनके द्रव्यमान ग्रहों की वस्तु स्थिति, टेलिस्कोप के माध्यम से ग्रहों को देखने सैटेलाईट, ज्वालामुखी, भूकंप, ऋतु परिवर्तन सहित विभिन्न खगोलीय घटनाओं के बारे में जानकारी दी कि किस प्रकार से बच्चों में विज्ञान की समझ विकसित कर सकते हैं। वहीं मानव शरीर के विभिन्न अंगो के कार्य एवं हार्मोन्स के बारे में बताया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने शिक्षकों को समझाइस देते हुए कहा कि स्वयं प्रयोग करें एवं विषय वस्तु का पर्याप्त अभ्यास कर लैब में बच्चों को गतिविधियां कराए और उनके शंकाओं का समाधान करें ताकि बच्चे खेल-खेल में रूचि लेते हुऐ विज्ञान को सुगमतापूर्वक समझ सके। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार एवं जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया उपस्थित थे।

## निर्माण कार्यों की स्वीकृति के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा ज़िले में पंचायत चुनाव संपन्न हुए छह माह से भी अधिक समय हो गया है। लेकिन अब तक ज़िला प्रशासन से किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य की स्वीकृति नहीं मिलने से सरपंच संघ में निराशा है। इस मामले को लेकर सोमवार को गीदम ब्लॉक के सरपंच संघ ने कलेक्टर कुणाल दुदावत से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। दंतेवाड़ा कलेक्टर से मिलने के बाद उत्साहित सरपंच संघ व ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने बताया कि कलेक्टर स्वयं धरातल पर उतरकर काम करने की बात कही है। सरपंच संघ ने बताया कि कलेक्टर ने शीघ्र ही निर्माण कार्य का स्वीकृति देने का आश्वासन दिया है।

इस दौरान सरपंच संघ से नंदू सोढ़ी, रवि कश्यप, महादेव नेताम, बीजूराम कश्यप, अर्जुन मुरामी, राजेश वट्टी, मोहन वेक, रतिराम भास्कर, मनोज कोराम, मोहन कश्यप, टिंगरू राम सहित सरपंच संघ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## राज्य मुख्य आयुक्त ने 20 लोगों को दिए प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



भारत स्काउट एवं गाईड के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने 21 जून को बीजापुर में स्काऊट/गाईड गतिविधियों की वार्षिक समीक्षा बैठक ली। तीन दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान डॉ. सोमनाथ यादव ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में जिले भर से आए स्काऊट गाईड से विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। राज्य मुख्य आयुक्त के आगमन के पश्चात एक पेड़ मां के नाम पर आधारित वृक्षारोपण जिला पंचायत के सामने उद्यान में कराया गया।

इस अवसर पर डॉ. सोमनाथ यादव के साथ सहा. राज्य मुख्य आयुक्त स्काऊट अब्दुल वाजिद खान, एलटी एस एल शोरी, जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया एवं कन्या शिक्षा परिसर की प्राचार्य सुश्री नीता सुरटी एवं अन्य विद्यालयों में से आये शिक्षक उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के बाद एक समारोह आयोजित किया गया जिसमें जिले से पर्वतारोहण आपदा प्रबंधन एवं व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण पचमढ़ी में भाग लेने वाले स्काऊट/गाईड रोवर रेंजर कुल 20 लोगों को प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले में स्काउट गाईड द्वारा किये जा रहे कार्य स्वच्छता पखवाड़ा, सड़क सुरक्षा यातायात नियंत्रण सेवा, साक्षरता जागरूकता, मतदाता जागरूकता, मतदान मित्र, प्याऊ घर, वृक्षारोपण कार्यक्रम सहित विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

इन सभी गतिविधियों की राज्य मुख्य आयुक्त महोदय द्वारा सराहनीय की गई। उन्होने कहा कि इतने सुदूर इलाके में भी बच्चे स्काऊट गाईड के माध्यम से ऐसी गतिविधियों में भाग ले रहे हैं ये सराहनी है। राज्य मुख्य आयुक्त ने कहा कि जिले में संचालित सभी स्कूल चाहे वे शासकीय हो यो अशासकीय हो सभी में शत्प्रतिशत पंजियन कराना अनिवार्य है। स्काउटिंग जीवन जीने की कला है, इसे सभी को सीखने चाहिए। पंजीयन उपरान्त दल संचालन करने के लिए शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण हेतु बीजापुर जिले में बेसिक प्रशिक्षण कराने की अनुमति भी प्रदान की गई।

बैठक का संचालन संतोषी कावरे द्वारा किया गया। बैठक में जिला संगठन आयुक्त नरवेद सिंह, सचिव गोविंद नाग, जिला प्रशिक्षण आयुक्त रामलाल नाग, जिला मीडिया प्रभारी शिवशन ध्रुव, गाईड कैम्टन आभा राय, सुश्री हसीना बेगम, सुश्री लक्ष्मी ठाकुर, ईश्वरी वासम, अंबिका बघेल, सुनिता लेकाम, प्राचार्य, बेनीराम नेताम, पीटीआई छोटेलाल गजभिये, वर्मा सर एवं स्काउट एवं गाईड उपस्थित थे।

### अपर कलेक्टर ने किया ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण



**सुकमा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र ठाकुर के द्वारा सोमवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टरेट परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम एवं ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को देखा। उन्होंने स्ट्रांग रूम एवं ईवीएम वेयरहाउस की ड्यूटी में कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर निर्वाचन पर्यवेक्षक केवल नाग और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। वहीं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों में भारतीय जनता पार्टी से धनीराम बारसे, हुंगाराम मरकाम, रमाकांत नायक, इंडियन नेशनल कांग्रेस से राजेश नारा, बहुजन समाज पार्टी से सोलोमन गोंडा, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) से पी प्रसाद राजू उपस्थित रहे।

## फुड सेफ्टी कार्यक्रम अंतर्गत मध्यान्ह भोजन रसोइयों को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

विकासखंड भोपालपटनम में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मध्य हुए एमओयू के तहत स्वीकृत कार्ययोजना अनुसार मध्यान्ह भोजन के तहत खाना बनाने एवं परोसने में संलग्न रसोईयों, कर्मचारियों का फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एडं सर्टीफिकेशन के तहत खाद्यान्न सुरक्षा अंतर्गत मध्याह्न भोजन रसोइयों एवं प्रभारी शिक्षकों का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद स्कूल भोपालपटनम में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में शाला को फूड सेफ्टी प्रमाण पत्र प्राप्त करने, रसोईयों का खाद्य विभाग में पंजीयन एवं भोजन बनाते समय ली जाने वाली सावधानियों, साफ–सफाई किए जाने तथा भौतिक, रासायनिक आदि कारणों से होने वाले नुकसान एवं उसके बचाव के बारे में बताया गया। भोजन बनाते समय खाद्य पदार्थों की साफ-सफाई तथा बनाने के तरीके आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भोपालपटनम ने निरीक्षण कर रसोइयों को मध्याह्न भोजन बनाते समय स्वच्छता का ध्यान रखने की समझाइश दी गई। प्रशिक्षण में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास एटला, सीएसी, शिक्षक एवं मध्याह्न भोजन ऑपरेटर गोमास माधव उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य केंद्रों में योग दिवस के अवसर पर आयोजित किए गए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम ब्लॉक अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम, मातृ एवं शिशु अस्पताल गीदम व गीदम ब्लॉक के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में योग दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सीएचओ श्रद्धा यादव, सरिता पुजारी, और आर एमए अतीक अंसारी ने भाग लिया।

इस आयोजन में बीपी, शुगर, और थायराइड के संतुलन को बनाए रखने के लिए योग के महत्व पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि योग नियमित रूप से करने से इन स्वास्थ्य समस्याओं को नियंत्रित किया जा सकता है और स्वस्थ जीवन जीने में मदद मिल सकती है। खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गीदम डॉक्टर गौतम कुमार ने बताया कि योग के माध्यम से बीपी, शुगर, और थायराइड को नियंत्रित करने के तरीके सिखाए गए। नियमित योग अभ्यास के महत्व पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और योग के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## ब्लॉकों के रसोइयों व प्रभारी शिक्षकों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आदेशानुसार बीजापुर जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में जिले के सभी 4 विकासखण्डों बीजापुर, भैरमगढ़, उसूर तथा भोपालपट्टनम में प्राथमिक तथा माध्यमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोईयों एवं मध्यान्ह भोजन के प्रबंधन में लगे प्रभारी शिक्षकों हेतु फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन का आयोजन किया गया। मध्याह्न भोजन योजना, भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अन्तर्गत पूरे देश प्रदेश के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के शालेय बच्चों को साफ, स्वच्छ तथा स्वास्थ्यवर्द्धक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एफएसएसएआई के तत्वाधान में इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था।

इस प्रशिक्षण में खाद्य सुरक्षा और मानकों के बारे में जागरूकता बढ़ाते हुए खाना बनाने के लिए कच्ची सामग्री के क्रय, रखरखाव, भण्डारण, उपयोग करने के पूर्व एक्सपायरी तिथि की जांच, खाना बनाने के पूर्व एवं खाना बनाते समय व परोसते समय बरती जाने वाली सामान्य सावधानियों, ऐसी आदतें जो खाद्य सुरक्षा में जोखिम पैदा करते हैं। तथा खाद्य जनित बीमारियों के जोखिम को कम करने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिससे छात्रों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ खाद्य वातावरण सुनिश्चित होगा। प्रशिक्षण में बीजापुर जिले के चारों विकासखण्डों के लगभग 400 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण का लाभ लिया। यह प्रशिक्षण खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग तथा शिक्षा विभाग के समन्वय से आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के पश्चात सभी प्रशिक्षुओं को एफएसएसएआई के माध्यम से प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जावेगा।

## पंक्ति बेदरकर बनीं किड्स सेंट्रल इंडिया की विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की होनहार बेटी पंक्ति बेदरकर ने फैशन और मॉडलिंग की दुनिया में बस्तर का नाम रोशन कर दिया है। ट्रिप्स प्रोडक्शन के तत्वावधान में आयोजित सेंट्रल इंडिया फैशन मॉडल कॉन्टेस्ट सीजन 3 के किड्स कैटेगरी में पंक्ति ने बस्तर का प्रतिनिधित्व करते हुए किड्स सेंट्रल इंडिया 2025 का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले रायपुर में हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। ऑडिशन में पंक्ति का चयन मिसेज इंडिया 2019,20 रीना एक्का द्वारा किया गया था। 13 वर्षीय पंक्ति हम एकेडमी में कक्षा 9वीं की छात्रा हैं। वह बचपन से ही डांस, एक्टिंग और मॉडलिंग के प्रति उत्साही रही हैं और पढ़ाई में भी प्रतिभाशाली छात्रा हैं। अपनी सफलता का श्रेय पंक्ति ने अपनी मां तरुणा साबे को दिया है जो आम आदमी पार्टी की प्रदेश सचिव व एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। साथ ही उन्होंने अपनी ग्रूमिंग मेंटर रीना एक्का, डांस टीचर संजना ठाकुर स्कूल शिक्षकों और मित्रों का भी आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप



### प्रेरक के हत्यारे को फांसी देने के मांग को लेकर धरने पर बैठे मितानिन संघ

**दुर्गुकोंदल।** ब्लाक मुख्यालय दुर्गुकोंदल में मितानिन प्रेरक जयंती मंडल के हत्या से मितानिनों एवं प्रेरकों में आक्रोश है। बीतें दिनों अज्ञात लोगों के द्वारा प्रेरक जयंती मंडल कि निर्मम हत्या कर दिया गया था] जिसको पुलिस ने अभी तक पकड़कर गिरफ्तार नहीं किया है। मितानिनों एवं प्रेरकों द्वारा शुक्रवार को हत्यारे को पकड़ कर फांसी कि सजा देने कि मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली गई और मुख्यमंत्री के नाम दुर्गुकोंदल तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया था, लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा कोई भी सबुत नहीं जुटाई गई है और आरोपी गिरफ्त से बाहर है। शोकाकुल परिवार वालों को सांत्वना देने पहुंचे सांसद भोजराज नाग ने कहा कि प्रेरक जयंती मंडल का निर्मम हत्या हुई है। पुलिस जांच करके हत्या के आरोपी को जल्द से जल्द पकड़े और कड़ी से कड़ी सजा दे। मृतक जयंती मंडल के परिवार वालों को जरुर इंसाफ मिलेगा। धरना प्रदर्शन में रामचंद्र कल्लो, अशोक जैन, शिरो कोमरे शोकाकुल परिवार सहित प्रेरक एवं मितानिन कार्यकर्ता शामिल रहे।

### प्रतिदिन 13 ट्रक अलग से लोड दिए जाने का आश्वासन, हड़ताल खत्म



**भानुप्रतापपुर।** परिवहन संघ की कच्चे माइंस में परिवहन हिस्सेदारी अनुपात बढ़ाने की मांग को लेकर 28 मई से चल रही अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन कलेक्टर के मध्यस्थता में हुई। बैठक में भानुप्रतापपुर परिवहन संघ को कच्चे मंच से अब प्रतिदिन 13 ट्रक अलग से लोड दिया जाएगा, इसको लेकर सहमति बनी और सोमवार को हड़ताल को समाप्त कर दिया। परिवहन संघ अध्यक्ष गुरदीप सिंह ढींडसा ने कहा यह हड़ताल लंबी चली। और इसका सकारात्मक परिणाम मिला है। और भी जी मांगे है मांग जारी रहेगा। सोमवार को कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर की मध्यस्थता में अच्छा चर्चा हुआ और अच्छा निर्णय हुआ है। इसके लिए कलेक्टर का हम आभारी है।

# पिछले वर्ष की अपेक्षा कम हुई बारिश, सप्ताहभर से बारिश का हो रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मई महीने में 50 साल के बाद मानसून समय से पहले आ गया था। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा आने के बाद मानसून आगे बढ़ा नहीं और लौट गया। तीन दिन पहले 18 व 19 जून को फिर मानसून की वजह से प्रदेश के कई जिलों में अच्छी बारिश हुई, लेकिन यह फिर से रूठ गया। इस तरह दो बार मानसून लौट गया है। सप्ताहभर से मानसूनी बारिश का इंतजार हो रहा है। खासकर किसानों के लिए यह चिंता का विषय है। रबी फसल बुवाई का सीजन प्रारंभ हो गया है, लेकिन बारिश का नामो-निशान नहीं है। सप्ताहभर से मानसूनी बारिश का इंतजार हो रहा है। बारिश नहीं होने की वजह से तापमान बढ़ने लगा है। जिले का तापमान में सबसे ज्यादा 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है एवं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान बढ़ने से लोगों को चिपचिपाहट भरी गर्मी झेलनी पड़ रही है। शनिवार को तेज धूप थी, लेकिन रविवार को पूरे समय आसमान पर बदली छाई रही। बादल आते-जाते रहे और शाम 4 बजे तो ऐसा लगने लगा था कि बारिश जमकर होगी, इसलिए कि घने काले बादल मंडराने लगे थे, लेकिन हवा का रूख ऐसा बदला कि बारिश हुई ही नहीं। मौसम विभाग के मुताबिक मानसूनी हवाएं उत्तर की तरफ चली गई है। इस स्थिति तें गेंडफाल के लिए दिक्कतें आती है। 25 जून से मानसून का सिस्टम बन रहा है। इसलिए कि हवा की दिशा परिवर्तित हो रही है, ऐसी उम्मीद है कि इस बदलाव से मानसून फिर वापस आएगा और अच्छी बारिश होगी। मौसम विभाग ने इस साल 106 प्रतिशत बारिश होने का अनुमान लगाया है लेकिन अभी तक बारिश की शुरूआत अच्छी नहीं होने की वजह से लोग चिंतित हैं।

## किसानों की चिंता बढ़ी, पहली बार ऐसा कि दोबारा लौटा मानसून

### 25 जून से बारिश की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास 25 जून को बनने की संभावना है। 23 जून को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना रही। प्रदेश में एक से दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है।



### तीन द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश और उसके आसपास स्थित है, इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किमी. ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका गुजरात के मध्य भाग से बांग्लादेश के मध्य भाग तक 3.1 किमी. ऊंचाई पर स्थित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका उत्तर पंजाब से उत्तर बिहार तक 0.9 किमी. ऊंचाई तक विस्तारित है।

## अटल चौक पर माल्यार्पण, राष्ट्रभक्ति के विचारों का स्मरण

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मनाया गया बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

- युवा नेताओं ने उठाया 'एक देश, एक विधान, एक निशान' का संदेश



भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रभक्त एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणास्त्रोत परम श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को भाजपा मंडल सरोना द्वारा बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाया गया। यह आयोजन सरोना के अटल चौक में किया गया, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया एवं राष्ट्र सेवा के लिए किए गए उनके संघर्षों को स्मरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रहित और सिद्धांतों के लिए बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने एक देश, एक विधान, एक निशान के सिद्धांत को आत्मसात कर जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए संघर्ष किया। हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को चाहिए कि उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला मंत्री हीरा मरकाम ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का योगदान सिर्फ भाजपा ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए अमूल्य है। उनका बलिदान आज भी हमें प्रेरणा देता है कि हम अपने देश और संविधान की रक्षा के लिए सदा सजग रहें। इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया ने कहा कि युवाओं को डॉ. मुखर्जी के विचारों को समझने की जरूरत है ताकि वे राष्ट्रवादी चेतना के साथ समाजहित में कार्य कर सकें। कार्यक्रम के अंत में देशभक्ति गीतों के माध्यम से भावांजलि दी गई तथा सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में किशोर भास्कर, अशोक निषाद, संजय गोलछा, अनिल गजपाल, रामाधार धनकर, राजेश कलिहारी, पीलू साहू, चिंतामणि रामटेके, चप्पा देवी जायसवाल, भानु नेताम, सोहेन्द्र कुंजाम, चैतु निषाद, निलेश गोलछा, दीपक साहू, अशोक लुनावत सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

### धनेलीकन्हार मंडल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद



**धनेलीकन्हार।** भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार के द्वारा डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रुप में धनेलीकन्हार के पिछड़ा वर्ग भवन में मनाया गया। इस अवसर पर डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र पर दिप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए पुर्व मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन ने कहा की डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने केसी नियोगी के साथ 8 अप्रैल 1950 को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री लियाकत अली खान से दिल्ली समझौता के कारण नेहरू मंत्रिमंडल में इस्तीफा दे दिया था। 21 अक्टूबर 1951 को उन्होंने जनसंध की स्थापना की व पहले अध्यक्ष बने। 1953 में जम्मू-कश्मीर में बिना अनुमति के प्रवेश किया जंहा पहुंचने के पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। 23 जुन 1953 में उनकी मृत्यु श्रीनगर में रहस्यमय ढंग से हुई। जनसंध ने उसकी मृत्यु के पाश्चात्य कहा की जहां बलिदान हूए मुखर्जी वह काश्मीर हमारा है, वो सारे का सारे है। कार्यक्रम में पुर्व महामंत्री तीलक नाग ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर अशोक कचलाम, उपाध्यक्ष विनोद रावटे, रमेश साहू, संत साहू, सानु साहू, देवन्तीन पोटाई, पार्वती पोटाई, राधिका पुसरीया, हेमबती रावटे, सताय सलाम, कुंवर बाई औरसा, दशरीबाई रावटे, फुलबासन भोयर उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर अर्पित की श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा भाजपा के पितृ पुरुष और जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। मंडल अध्यक्ष डीगेश खापर्डे की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में महामंत्री राजीव श्रीवास ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन वृत्तांत को संक्षेप में बताया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंनें धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूंगा। डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिए 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया व 23 जून 1953 को जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। जेल में उनकी मृत्यु ने देश को हिलाकर रख दिया और परमिट सिस्टम समाप्त हो गया। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था, नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान आज वर्तमान केंद्र सरकार में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धारा 370 और कश्मीर के भयावह मुद्दे पर जीत हासिल कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया गया है।

इस अवसर पर कार्यालय मंत्री रत्नेश सिंह ने उनके प्रारंभिक आंदोलनों की जानकारी दी। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष राजा पाण्डेय ने डॉ मुखर्जी के संघर्ष भरे जीवन और रहस्यमय मृत्यु, भाजपा की स्थापना के सफर की जानकारी दी। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष डालन सिंह राणा, चैतुराम आंचला, सरिता जोशी, अरविन्द जैन, हेम प्रकाश शिवहरे, ज्वाला जैन, रमेश तिवारी, भीखम आर्दे, कुंदन साहू, रिजवान कुरैशी, लक्ष्मीनाथ यादव, संकेत नशीने, धर्मेंद्र रावटे, जग्गा नरेटी एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हेपुरकसा में शाला प्रवेश उत्सव सहित पोस्ट ऑफिस शाखा का किया गया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड के अंतिम छोर में बसें बस्तर संभाग के अंतिम गाँव हेपुरकसा में पोस्ट ऑफिस का शाखा का उद्घाटन एवं प्राथमिक शाला हेपुरकसा में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सभापति विकास राजु नायक ने कहा भारत में डाकघरों का एक विशाल नेटवर्क है, जिससे आप आसानी से अपने निकटतम डाकघर में खाता खोल सकते हैं। पोस्ट ऑफिस डाकघर में खाता खुलवाने के कई फायदे हैं।

जनपद सभापति विकास राजु नायक ने कहा कि पोस्ट ऑफिस बचत खाता, आवर्ती जमा, सावधि जमा, मासिक आय योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी विभिन्न योजनाएं प्रदान करता है। पोस्ट ऑफिस में आप कई सरकारी योजनाओं, जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, पब्लिक प्रोविडेंट फंड और राष्ट्रीय बचत पत्र एनएससी में निवेश कर सकते हैं। पोस्ट ऑफिस बचत खाते के माध्यम से, आप विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ उठा सकते हैं। प्रवेश उत्सव की बात करते हुए कहा कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। हर बच्चा स्कूल जाए, यह संकल्प शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### ये रहे शामिल

कार्यक्रम में बसंती भालेश्वर सरपंच लोहत्तर, ग्राम गायता शिवलाल पुड़ो, वार्ड पंच राधेलाल तोप्पा, प्रधानपाठक बलराम भोयर, सहायक शिक्षक सुरेश शिवने, नरेश पोटाई, सनकुर पोटाई, सनकुर तोप्पा, रामलाल पोटाई, रमेश पोटाई, बैजू पदढा, छेरका पोटाई, रसाय बाई, शांति बाई, मनकी बाई, साँवली बाई, मनशीला, सुभाष पुड़ो, रानी साहू सहित ग्राम हेपुरकसा के ग्रामवासी और स्कूली बच्चे शामिल रहे।



## भंडारडिगी में ठाकुर देव और प्रकृति शक्तियों से की गई अच्छी फसल की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जिसमें लगभग सभी गाँवों में आदिवासी सामुदाय के लोग निवासरत है और मूलनिवासी आदिवासी समाज प्रकृति पूजक माने जाते है। वे ही प्रकृति को जानकर प्रकृति से सहयोग की भावना रखते हुए उनको याद करते है। उसी परम्परा को निभाते हुए ग्राम पंचायत भडारडिगी में प्रकृति ही शक्ति मानते हुए गाँव के ठाकुर देव सहित सभी पेन शक्तियों की पूजा अर्चना कर गाँव में बिजली बनाने की प्रक्रिया से अच्छी फसल की कामना किया। भंडारडिगी में समस्त ग्रामवासी गाँव के ठाकुर देव की पूजा अर्चना में शामिल हुए, अपने पूर्वजों के बताए नियमों अनुसार खेतो में अपनी फसलों का अच्छी उत्पादन होने की कामना प्रकृति शक्ति से किया। हमारे प्रकृति शक्ति ठाकुर देवता की पूजा अर्चना की इसी दिन से खेती-किसानी के नए कामों की शुरुआत भी होती है। ग्राम गायता पटेल के द्वारा धान का बीज गांव के किसानों को अपने हाथों से वितरण करते हैं और धन बोयई का कार्य प्रारंभ करते हैं। खेती किसानी में पानी का विशेष महत्व होता है। हमारी माटी जिसे हम माता भुइयां कहते हैं उसकी हम हमेशा रक्षा करेंगे। हमारी कृषि परंपरा में यह दिन विशेष महत्व रखता है। इनका जीवन कृषि पर आधारित है। ये लोग जंगलों को काटकर कृषि योग्य भूमि तैयार करते हैं, जिसमें परम्परागत रूप से कृषि कार्य करते हैं। विशेष रूप से मोटे अनाज मक्का, कोदो, कुटकी की खेती करते हैं। जनजातीय समाज द्वारा स्थानान्तरित कृषि व स्थायी कृषि कार्य दोनों ही प्रकार का किया जाता है, जिसमें मुख्य रूप से गाँव के ठाकुर देव की पूजा अर्चना करते है और यह परम्परा पूर्वजों के ज़माने से होते आ रहीं है।

जिसमें ग्राम गायता परसूराम नरेटी, ग्राम पटेल मथुरा प्रसाद नरेटी, मानसिंह गावड़े, टिगेलराम नरेटी, मैनूराम नरेटी, धनेश नरेटी, अशोक कुमार नरेटी, गोकुल राम गावड़े सहित समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।

## बंगाली समाज को अपमानित करने वाले पर समाज के प्रमुखों ने की कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

सर्व आदिवासी समाज के द्वारा विगत दिनों आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बंगाली समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। निखिल भारतीय बंगाली समाज के द्वारा पीडब्लूडी रेस्ट हाउस पखांजूर में बैठक कर सर्व बंगाली समाज को अपमानित करने वाले के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर को लिखित में शिकायत प्रस्तुत किया है। निखिल भारतीय बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मंडल, कार्यालय सचिव सुकुमार विश्वास एवं प्रदेश सचिव शंकर सरकार ने बताया कि कांकेर जिला स्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सर्व आदिवासी समाज के द्वारा सर्व बंगाली समुदाय को क्रिमिनल कहकर संबोधित किया और अनेको तथ्यहीन व भ्रामक जानकारियां प्रसारित किया, जिससे पूरे प्रदेश में बंगाली समाज स्वयं को अपमानित महसूस कर रहा है। नारायण चन्द्र साहा, दीपांकर राय, अजय बाछाड़, इंद्रजीत विश्वास राजदीप हालदार, अभिजीत भट्टाचार्य, सुपद सरकार तापस पाल, परितोष दासगुप्ता, बासुदेव हालदार, मिथुन गाईन, देवाशीष सरकार ने समाज प्रमुख व्यक्ति के द्वारा इस प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी की घोर निंदा करते हुए जल्द से जल्द कन्हैया लाल उसेण्डी से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने की मांग की है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो निखिल भारतीय बंगाली समाज के बैनर तले सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। इस घटना के बाद दोनों समाजों के बीच सामाजिक सद्भावना बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। बंगाली समाज के प्रतिनिधियों ने इसे भविष्य में सामाजिक सौहार्द को खराब करने वाला एक उत्तेजक बयान बताया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में बंगाली समाज ने सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने की मांग की बात कही है। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निवेदन किया गया है। यह घटना छत्तीसगढ़ में सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है और उम्मीद की जा रही है कि प्रशासन इस मामले में उचित कार्रवाई करेगा ताकि समाज में होने वाले किसी भी प्रकार के तनाव को रोका जा सके।

### पत्रिका आद्योपांत का विमोचन आज

**जगदलपुर।** माता रूक्मिणी सेवा संस्थान डिमरापाल के संस्थापक पद्मश्री धर्मपाल सैनी के 95 वें जन्मदिवस के अवसर पर संस्थान की पत्रिका आद्योपांत का विमोचन किया जाएगा। 24 जून को दोपहर 3 बजे संस्थान के परिसर में कार्यक्रम होगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# 28 लाख की धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- परिवारिक समस्या का निराकरण, आरोपियों ने मृत्यु का भय दिखाकर की थी धोखाधड़ी



मृत्यु का भय दिखाकर 28 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने दिल्ली से दबोचा और न्यायिक रिमांड में सोमवार 23 जून को जेल भेजा गया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 6 मई 2025 को प्रार्थिया मीरा साहू पति लोकनाथ साहू उम्र 54 वर्ष राजापारा कांकेर ने 26 नवंबर 2024 को डीडी फ्री डिश के चैनल नं. 38 में मनोरंजन प्राईम में प्रसारित जय माँ कामाख्या संस्थान के राघवेन्द्र आचार्य, धीरज रावत से पारिवारिक समस्या के कारण मेरे द्वारा फोन से बात कर अपनी पारिवारिक समस्या से अवगत कराया गया, जिनके द्वारा उपरोक्त नंबर एवं अन्य मोबाईल नंबर से पारिवारिक समस्या के निराकरण के लिए 3100 रूपएं का हवन करना पड़ेगा कहकर मेरी पूरी पारिवारिक समस्या को जानकर मुझे बार-बार डरा-धमकाकर पारिवारिक समस्या के निराकरण नहीं होने की स्थिति में परिवार के किसी भी सदस्य की अकारण मृत्यु हो जाएगी का भय दिखाकर मुझे बार-बार पैसो की मांग की गई, जिनसे भयभीत एवं प्रताड़ित होकर प्रार्थिया के द्वारा आईसीआईसी बैंक दिल्ली के खाता धारक धीरज रावत के खाता नंबर में चेक के माध्यम से अलग-अलग दिनांक को 28 लाख 52 हजार रूपएं ट्रांसफर किया गया है तथा लगातार बार-बार फोन कर मृत्यु का पारिवारिक समस्या का निराकरण नहीं कराने से मृत्यु का भय दिखाकर पुनः पैसे की मांग करते रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन, एएसपी दिनेश सिन्हा एवं एसडीओपी मोहसिन खान के मार्गदर्शन में खाताधारक आरोपी धीरज रावत का बैंक केवायसी जानकारी एवं मोबाईल सीडीआर प्राप्त होने पर आरोपी की पता तलाश के लिए राज्य से बाहर दिल्ली जाने अनुमति प्राप्त कर थाना से टीम दिगर प्रान्त दिल्ली रवाना किया गया। आरोपी धीरज रावत 23 जून को दिल्ली से गिरफ्तार कर मामला अजमानीय होने से रिमाण्ड तैयार कर न्यायालय पेश किया गया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, प्रभारी सायबर सेल प्रेमप्रकाश अवधिया के नेतृत्व में सउनि सोमेन्द्र सिंह , प्रधान आरक्षक गीतेश्वर कुलदीप, आरक्षक शक्ति सिंह एवं महिला आरक्षक गणेश्वरी कोड़ोपी व पेट्रोलिंग टीम का अहम भूमिका रही।

online Booking:-www.tripuryatra.com


25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
राशिः-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411